<u>प्रेस नोट दिनांक 25.03.2025</u>
<u>थाना प्रेमनगर जनपद बरेली।</u>

<u>थाना प्रेमनगर व एसओजी #bareillypolice द्वारा फर्जी कोवर्ट इन्टेलीजेन्ट नेटवर्क सोशल वेलफेयर एसोसियेशन चलाकर लोगों को गुमराह करके फर्जी आईकार्ड, नियुक्ति-पत्र बनाने वाले शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>

अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक प्रेमनगर मय थाना पुलिस टीम व एसओजी टीम बरेली को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति फर्जी तरीके से अपने आपको निदेशक कोवर्ट इन्टेलीजेन्ट नेटवर्क सोशल वेलफेयर एसोसियेशन बता रहा है तथा अपना आँफिस पटेलनगर बरेली मे बनाये हुये है। उक्त सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति वरिष्ठ उच्चाधिकारी की तरह व्यवहार करते हुए उसने अपना नाम विजय मैसी पुत्र स्व0 नन्कूलाल उम्र 47 वर्ष निवासी आशुतोश सिटी थाना इज्जतनगर बरेली मूल निवासी ग्राम वमनपुरी थाना वनवसा जिला चम्पावत उत्तरांखण्ड़ बताया, उसके ऑफिस मे कुछ पुलिस कलर के आईडी-कार्ड व कुछ अन्य विभागों के कार्ड व कागजात रखे थे। कागजातो के बारे मे पूछने पर बताया कि मै 12 वीं फेल हूँ तथा मेरे पास कोई डिग्री या उक्त कंपनी को चलाने का कोई वैध सर्टिफिकेट नहीं है तथा कंपनी से संबंधित कोई वैध कागजात मांगने पर कोई कागजात उपलब्ध नहीं करा पाया। जांच पड़ताल तथा छानबीन करने पर मौके से <u>दो अदद लिफाफे जिनके अन्दर चार अदद आई-कार्ड व दो पैन ड्राइव डिजिटल हस्ताक्षर, एक पत्र गर्वन्मेन्ट ऑफ इन्डिया मिनिस्ट्री ऑफ कारपोरेट, फर्जी प्रमाण पत्र नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, एवं तीन फर्जी नियुक्ति पत्र पाँच आवेदन पत्र, दो पास बुक एंव तीन लिफाफा जिलाधिकारी बरेली व रुद्रपुर के नाम सम्बोधन व दो नमूना मोहर</u> बरामद हुयी। जिसके आधार पर थाना प्रेमनगर बरेली पर मु0अ0सं0 0108/2025 धारा 318(4)/319(2)/338/336(3)/340(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ। अभियुक्त उपरोक्त को मौके से उसके कार्यालय एच 09 पटेलनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

<u>पूछताछः-</u> अभियुक्त विजय मैसी ने बताया कि मैं आईबी मे संविदा पर उत्तराखण्ड मे सिक्योरिटी की नौकरी करता था। जहां से मुझे लोगो से बातचीत करने की जानकारी हो गयी। उसके बाद मैं एक कोवर्ट इन्टेलीजेन्ट नेटवर्क सोशल वेलफेयर एशोसेसियन का पटेल नगर मे संचालन करने लगा मेरे द्वारा फर्जी तरीके से कुटरचित कर लोगों के आई-कार्ड तैयार किये जाते है।आई-कार्ड तैयार करने के उपरान्त लोगों को उससे टोल प्लाजा पर छूट मिलती है तथा पुलिस की चैकिंग के दौरान अथवा चौकियों पर दिखाकर मदद मिलती है जिसके बदले मैं लोगो से पैसा लेता हूँ तथा मेरे द्वारा कोवर्ट इन्टेलीजेन्ट के नेटवर्क के नाम से H09 पटेलनगर बरेली नाम से आवेदन प्राप्त कर लोगो को कोवर्ट इन्टेलीजेन्ट मैं नौकरी के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र व आईकार्ड दिये जाते है तथा उनसे हम पैसा वसूल करते है। जनता के लोगो को अपने कार्यालय में बुलाते है। उनसे पैसे लेकर उनकी जो समस्या होती है उनसे प्रा0 पत्र लेकर उस प्रा0 पत्र मे अपना कवरिंग लेटर बनाकर सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्षों को भेजते है तथा स्वंय जाकर अपने को निदेशक कोवर्ट इन्टेलीजेन्ट नेटवर्क सोशल वेलफेयर एसशियेशन बताकर लोगों का काम करवाते है एवं लोगो का लोन कराने के लिये लोगो को बुलाते है जिसके एवज में लोन कराने का कमीशन लेता हूँ।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तः</u>–विजय मैसी पुत्र स्व0 नन्कूलाल निवासी आशुतोश सिटी थाना इज्जतनगर बरेली मूल निवासी ग्राम वमनपुरी थाना वनवसा जिला चम्पावत उत्तरांखण्ड़ ।

<u>बरामदगीः-</u>दो अदद लिफाफे जिनके अन्दर चार अदद आई-कार्ड, दो पैन ड्राइव डिजिटल हस्ताक्षर, एक पत्र गर्वन्मेन्ट आफ इन्डिया मिनिस्ट्री आफ कार्पोरेट, प्रमाण पत्र नारकोटिक कन्ट्रोल ब्यूरो , एवम् तीन नियुक्ती पत्र पाँच आवेदन पत्र , दो पासबुक एवं तीन लिफाफा व दो नमूना मोहर ।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1.श्री आशुतोष रघुवंशी, प्रभारी निरीक्षक प्रेमनगर जनपद बरेली।
2.श्री देवेन्द्र सिंह धामा, एसओजी प्रभारी मय टीम जनपद बरेली।
3.उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार, चौकी प्रभारी कोहाडापीर
4.उ0नि0 श्री जगदीश चन्द्र जोशी, चौकी प्रभारी आवास विकास
5.का0 रोहित थाना प्रेमनगर बरेली।
6.का0 प्रवीन थाना प्रेमनगर बरेली।